पंजाब केसरी
5-10-2025

एन.सी.सी. कैडेट्स ने कॉलेज परिसर में किया पौधारोपण

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में पौधारोपण करतीं एन.सी.सी. गर्ल्स विंग की कैडेट्स। (देवदत्त)

अम्बाला, 3 अक्तूबर (बलराम): फर्स्ट एच.आर. हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की एन.सी.सी. गर्ल्स विंग कैडेट्स ने वीरवार को कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया। पौधारोपण के पश्चात् प्राचार्य डा. रोहित दत्त तथा सी.टी.ओ. समेत सभी कैडेट्स ने पौधारोपण के साथ स्वच्छता की शपथ भी ली।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कैडेट्स को प्रोत्साहित किया और वातावरण के लिए पेड़ पौधों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कैडेट्स को समझाया कि प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना व्यर्थ है। अतः प्रकृति के साथ आत्मीय रूप से जुड़कर जीवन यापन की संस्कृति को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है।

सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि हम गर्मी से बेहाल है, उसका कारण पेड़ों का न होना ही है। ग्लोबल वार्मिंग पृथ्वी की बहुत बड़ी चुनौती है, जिसे आप सभी युवा मिलकर ही खत्म कर सकते हैं। इसलिए पेड़ ज्यादा से ज्यादा लगाए और उनकी रक्षा भी करें। करीब 42 कैडेट्स ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई।